हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 04 दिसंबर 2024 समय 1810

- केंद्र सरकार ने गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए 2 करोड़ 95 लाख मकान बनाने की स्वीकृति दी।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा इस महीने की 7 तारीख को पंचकूला से देशभर में 100 दिन तक चलने वाले टी.बी उन्मूलन अभियान की शुरुआत करेंगे।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने यमुनानगर के लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक केंद्र के कार्य की प्रगति की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय लोहगढ़ परियोजना विकास समिति के गठन को मंजूरी दी।
- हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सड़कों एवं भवनों की निर्माण सामग्री से समझौता करने वाली एजेंसी के साथ साथ सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

************************************************************

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हर गरीब व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने दो करोड़ 95 लाख मकान बनाने की स्वीकृति दी है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और मकान बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 38 लाख घर आवंटित किए गए हैं। इसके लिए दस हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की धन राशि जारी की गई थी। श्री चौहान ने महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए कहा कि आजीविका मिशन से 10 करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि अब तक एक करोड़ 15 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

************************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी नड्डा इस महीने की सात तारीख को पंचकूला में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय टी.बी उन्मूलन कार्यक्रम में मुख्य

अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इस दौरान वे देशभर में टी.बी उन्मूलन को लेकर 100 दिन तक चलने वाले अभियान की शुरुआत भी करेंगे।पंचकूला की अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने आज लघु सचिवालय में इस कार्यक्रम की तैयारियों को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित जानकारी मुहैया करवाई जाएगी।

******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर जिले के लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक केंद्र के कार्य की प्रगति की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय लोहगढ़ परियोजना विकास समिति के गठन को स्वीकृति दी है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज चंडीगढ़ में बताया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल समिति के मुख्य संरक्षक होंगे जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह इसके अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी डॉ. प्रभलीन सिंह को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि समिति के अन्य सदस्यों में पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, पूर्व सांसद तरलोचन सिंह एवं पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के पूर्व कुलपति डॉ. जसपाल सिंह के अतिरिक्त अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों का नाम शामिल हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि दो चरणों में शुरू होने वाली इस परियोजना का उद्देश्य स्मारक स्थल के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को फिर से जीवंत करना है। पहले चरण में, किले, मुख्य द्वार और परिसर की चारदीवारी को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह परिसर 20 एकड़ के विशाल क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।इसमें अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण किया जायेगा जिसमें बंदा सिंह बहादुर से जुड़ी जीवन गाथा को नवीनतम तकनीकी नवाचारों के साथ

आगंतुकों को इतिहास और आधुनिकता के बीच की दुनिया में ले जाया जाएगा। इस परियोजना के दूसरे चरण में, बाबा बंदा सिंह बहादुर की विशाल प्रतिमा का डिज़ाइन चयनित करने के लिए एक वैश्विक डिज़ाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह भव्य प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत और सिख धर्म की अदम्य साहस का प्रमाण होगी। प्रवक्ता ने कहा कि इसके अतिरिक्त, सिख मार्शल कौशल की विरासत को बढ़ावा देने और समुदाय की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने के लिए यहां पर एक मार्शल आर्ट स्कूल स्थापित किया जाएगा।

****************************************************************

हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर एस के पाहुजा ने बताया कि

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे शोधार्थियों ने बताया कि उन्हें कृषि प्रसार में करियर की अपार संभावनाओं के बारे में पता चला

एक अन्य शोधार्थी ने बताया कि उसे कृषि प्रसार की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानने का अवसर मिला है।

****************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि सड़कों एवं भवनों के निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण

सामग्री में गुणवत्ता के किसी प्रकार की कोई कमी पाए जाने पर न केवल निर्माण एजेंसी के खिलाफ बल्कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। श्री गंगवा आज अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि उनकी प्रदेश में नई सड़क परियोजनाओं और सड़कों की मरम्मत को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी  से विस्तृत चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री जी ने हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। जल्द ही विभिन्न परियोजनाओं की रिपोर्ट तैयार कर उनसे अनुमति लेकर काम किया जाएगा।मंत्री ने बताया कि अधिकारियों से प्रदेशभर की उन सभी सड़कों को रिपोर्ट मांगी है, जिनका पुनर्निर्माण होना है या नए सिरे से बनाई जानी हैं।  उन्होंने कहा कि शहरों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए योजना बनाकर काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि हिसार में रिंग रोड बनाया जाएगा जिससे आम जन को लाभ मिलेगा।

*****************************************************************

हरियाणा शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब में जानलेवा हमले निंदा की है। इस बारे में जारी एक बयान में सीनियर मीत प्रधान रघुजीत सिंह विर्क, बलदेव सिंह कायमपुर ,राजेंद्र पाल सिंह लाडवा सहित हरियाणा शिरोमणि अकाली दल के समूह सदस्यों ने सेवा के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हुए हमले की कड़ी आलोचना की है ।उन्होंने कहा कि इस हमले के पीछे किसका हाथ है यह जांच का विषय है। यह सिख इतिहास में पहली बार हुआ है कि सेवा निभाते हुए किसी पर जानलेवा  हमला हुआ है।

*****************************************************************

कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर कल से 11 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।कुरुक्षेत्र में भगवान दत्तात्रेय मन्दिर की कथावाचक साध्वी मोक्षिता ने श्रीमद् भागवत कथा के बारे पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर महाभारत के युद्ध के बीच एक

ऐसा शान्ति का संदेश दिया जो आज गीता उपदेश के नाम से पूरे विश्व को प्रकाशमय कर रहा है। उन्होंने कहा कि गीता में जीवन जीने का सार वर्णित है, जो समूचे मानव समुदाय को ज्ञान की राह दिखाता है।

***************************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने एक नशा तस्कर को एक किलो, 223 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि आरोपी मस्तान छायंसा गांव का रहने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया और उसके पास से एक किलो 223 ग्राम गांजा बरामद हुआ ।पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया वो यह मादक पदार्थ उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर से खरीद कर लाया था और यहाँ छोटे-छोटे पैकेट बनाकर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।